

मार्शल गोविंदन (जिन्हें **सच्चिदानंद** के नाम से भी जाना है) बाबाजी नागराज, हिमालय के प्रसिद्ध गुरु और क्रिया योग के प्रवर्तक, और उनके दिवंगत शिष्य योगी एस. ए. ए. रमैय्या, के शिष्य हैं| उन्होंने 1969 के बाद से, भारत में पांच साल सहित, बाबाजी के क्रिया योग का गहन अभ्यास किया है।

1980 के बाद से वह योग सिद्धों के लेखन के अनुसंधान और प्रकाशन में लगे हुए हैं। वह लोकप्रिय पुस्तक 'बाबाजी और 18 सिद्ध क्रिया योग परंपरा' के लेखक हैं जो अब 15 भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी है; थिरुमन्दिरम् का पहला अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी अनुवाद: योग और तंत्र की एक उत्कृष्ट कृति, पतंजलि और सिद्धों के क्रिया योग सूत्र, यीशु और योग सिद्धों का ज्ञान। वर्ष 2000 से, उन्होंने तमिलनाडु, भारत में सात विद्वानों की एक टीम को 18 सिद्ध योग से संबंधित पूरे साहित्य के प्रकाशन में एक बड़े पैमाने पर अनुसंधान परियोजना को संरक्षण, प्रतिलेखन और अनुवाद के लिए निर्देशित और प्रायोजित किया है। इस परियोजना से छह प्रकाशनों को, 2010 में थिरुमन्दिरम् की एक दस पुस्तकों के संस्करण सहित, उत्पादित किया गया है।

सिद्धांत, अद्वैत और योग

मार्शल गोविंदन (सच्चिदानंद) के साथ एक साक्षात्कार

कॉपीराइट मार्शल गोविंदन © 2014

Contents

प्रश्न: आपने इस साक्षात्कार को बनाने का निर्णय क्यों लिया है? इसका उद्देश्य क्या है? 3

प्रश्न: सिद्धांत, अद्वैत और योग के बीच में क्या संबंध है? 3

प्रश्न: सिद्धांत क्या है? 4

प्रश्न: सिद्धांत "नया" क्यों है? 6

प्रश्न: सिद्धांत आत्मा और शरीर के साथ इसके सम्बन्ध के बारे में क्या बताता है? 9

प्रश्न: सिद्धों की ईश्वर के बारे में क्या अवधारणा है? 10

प्रश्न: सिद्धांत का लक्ष्य क्या है? 11

प्रश्न: आत्मा की बेड़ियों और प्रकृति के साधनों से मुक्ति सिद्धांत के अनुसार कैसे अनुभव की जाती है? 12

प्रश्न: मानवीय पीड़ा का कारण क्या है और इसे दूर कैसे करें? 14

प्रश्न: एकत्ववाद या अद्वैत और द्वैतवाद और "बहुलवाद" (आस्तिकता) के बीच क्या अंतर है? 15

प्रश्न: इनमें अन्तर क्यों महत्वपूर्ण है? 15

प्रश्न: माया क्या है और क्या कारण है कि सिद्धांत को अद्वैत आस्तिकवाद माना जाता है? 17

प्रश्न: एनलाइटेन्मेंट क्या है और इस चर्चा से यह कैसे संबंधित है? 20

प्रश्न: आपने इस साक्षात्कार के शुरुआत में यह कयों कहा था कि सिद्धांत वहां शुरू होता है जहां अद्वैत समाप्त होता है? 22

प्रश्न: सिद्ध ऐसा क्यों सोचता सोचते है कि वे स्वयं कोई विशेष नहीं है, और इस तरह उनके व्यक्तिगत जीवन पर बहुत कम या कोई विवरण प्रदान नहीं करते है? 24

प्रश्न: सिद्धियों या यौगिक चमत्कारी शक्तियों का क्या महत्व है? 26

प्रश्न: बाबाजी के क्रिया योग और सिद्धांत के बीच क्या संबंध है? 27

प्रश्न: बाबाजी के क्रिया योग का "पंच-अंग पथ" गीता में श्री कृष्ण के द्वारा बताये गए विभिन्न योगों की याद दिलाता है जो व्यक्ति की अपनी प्रकृति या आवश्यक चरित्र (स्वभाव) के अनुसार है: 28

प्रश्न: यदि सिद्धों की प्रणाली इतनी ही फायदेमंद हैं, तो इसे गुप्त क्यों रखा जाता है? क्यों उसे दीक्षा के समय ही सिखाया जाता है? 29

प्रश्न: आध्यात्मिक विकास के संबंध में मानव शरीर का क्या मूल्य है? 31

प्रश्न: नव-अद्वैत क्या है और यह विवादास्पद क्यों है? 32

प्रश्न: सिद्धांत, अद्वैत और योग को समझना महत्वपूर्ण क्यों है? 36

प्रश्न: आपने इस साक्षात्कार को बनाने का निर्णय क्यों लिया है? इसका उद्देश्य क्या है?

उत्तर: यदि आप यह जानना चाहते हैं कि सच क्या है और पीड़ा से बचने के लिए, आपको ये सारे कुछ मूलभूत प्रश्न पूछने की आवश्यकता है: क्या भगवान का अस्तित्व है? यदि हां, मैं कैसे भगवान को जान सकता हूँ? क्या मेरी कोई आत्मा है? मेरा जन्म क्यों हुआ? मेरे जीवन का उद्देश्य क्या है? दुनिया में इतनी पीड़ा क्यों है? इस साक्षात्कार का लक्ष्य, जिस कारण से मैं यह कर रह हूँ, पाठक को एक बेहतर समझ प्राप्त करने के लिए इन प्रश्नों के कुछ उत्तर आध्यत्मिक परम्परा के दृष्टिकोण से मिलने में मदद हो जो कि मुझे मेरे आध्यात्मिक मार्ग में अवगत हुऐ हैं| अधिकांश पश्चिमी साधकों में इन आध्यात्मिक परंपराओं और उनकी आवश्यकताओं के ज्ञान की कमी है| शब्दों की कोई मात्रा सत्य प्रकट नही कर सकती है, लेकिन कुछ शब्द इसकी तरफ संकेत कर सकते हैं, एक झलक प्रदान करते हैं, और तब व्यक्ति को अपने अन्दर पहचान द्वारा अनुभव करने के लिये शब्दों के परे मौन में जाना चाहिए| यह सभी आध्यात्मिक परंपराओं का दृष्टिकोण है| आत्मा का कोई रूप नहीं है, तो इसे शब्दों में बाँधा नहीं जा सकता है| केवल मौन में, लेकिन क़िसी को भी, आज कई पश्चिमी आध्यात्मिक साधकों क़ी तरह "प्रबुद्ध" बनने की शीघ्रता में, ऐसे प्रश्नों की अनदेखी या बर्खास्त करने की गलती नहीं करनी चाहिए| अध्यात्म का अर्थ 'बौद्धिकता विरोधी' होना नहीं है| इसका अर्थ यह नहीं है कि किसी को मात्र सबसे कुशल तकनीक पाने की आवश्यकता है, या सबसे अच्छे शिक्षक क़ी आवश्यकता है या दुनिया से दूर जाने की आवश्यकता है|

प्रश्न: सिद्धांत, अद्वैत और योग के बीच में क्या संबंध है?

उत्तर: मेरे शिक्षक, योगी रमैय्या कहा करते थे कि जहाँ अद्वैत खत्म होता है वहाँ सिद्धान्त आरम्भ होता है| और कि बाबाजी क्रिया योग, सिद्धांत का, व्यावहारिक आसवन है। लेकिन इस प्रश्न का उत्तर देने से पहले, इनमें से प्रत्येक पर चर्चा करना आवश्यक होगा।

प्रश्न: सिद्धांत क्या है?

उत्तर: "सिद्धांत" भारतीय यौगिक या तांत्रिक प्रवीणों के समुदाओं की शिक्षाओं को जो कि "सिद्धों" या पूर्ण स्वामियों के नाम से जाने जाते हैं, उल्लेख करता है, वो जो कुछ स्तर तक पूर्णता या दिव्य शक्तियाँ जो कि "सिद्धियों" के नाम से जानी जाती हैं, प्राप्त कर चुके हैं। "सिद्ध" तिब्बती बौद्ध धर्म से सम्बंधित होने से अलग, वे मनीषी हैं जो कि व्यक्ति के अस्तित्व की पाँचों सतहों में संभावित दिव्यता अनुभव करने के लिए कुण्डलिनी योग के अभ्यास को प्रमुखता देते थे। उन्होंने संस्थागत धर्म के साथ इसकी मंदिर और मूर्ति पूजा, कर्मकाण्डवाद, जातिवाद और शास्त्रों पर निर्भरता की प्रमुखता की भर्त्सना की। उन्होंने शिक्षित किया कि किसी का अपना अनुभव ज्ञान और बुद्धिमत्ता का सबसे विश्वसनीय प्रामाणिक स्त्रोत है और उसको प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को योग और ध्यान के माध्यम से जीवन के सूक्ष्म आयामों की ओर भीतर को मुड़ना चाहिए। उनके अधिकांश लेखन 800 से 1600 वर्षों पहले तक जाते हैं इतने पहले तक जैसे द्वितीय शताब्दी, ए.डी.। अंत का अर्थ है "अंतिम छोर"। सिद्धांत का अर्थ अंतिम छोर, निष्कर्ष या सिद्धों का लक्ष्य, पूर्ण स्वामी है। यह चित्त और अंत से भी प्राप्त किया गया है जिसका अर्थ है कि यह सोच शक्ति का अंत है, इसलिये यह सोच के अंत पर पहुँचकर अंतिम निष्कर्ष है। जबकि वे पूरे भारत और यहां तक कि तिब्बत में अस्तित्व में है, जिस परम्परा से हम सम्बंधित हैं, और जिसका साहित्य हम 1960 से शोध, अनुवाद और प्रकाशित कर चुके हैं, वो दक्षिण भारत से है और "तमिल क्रिया योग सिद्धांत" के नाम से जाना जाता है। तमिल योग सिद्धों का लेखन कविता के रूप में था, जनता की स्थानीय भाषा में, संस्कृत के बजाय, जो कि केवल सबसे शीर्ष जाति, पुजारीय ब्राह्मणों को ज्ञात थी, जिन्होंने उनका विरोध किया। उनके लेखन में वो कहीं भी किसी भी देवताओं की प्रशंसा में नहीं गाते हैं। आध्यत्मिक विद्या के अनुसार उनकी शिक्षाएँ "एकत्ववादी आस्तिकता" के रूप में वर्गीकृत की जा सकती हैं। लेकिन ये एक दार्शनिक प्रणाली या एक धर्म उत्पन्न करने का प्रयास नहीं करते हैं। वे व्यावहारिक शिक्षाएं प्रदान करने का प्रयास करते हैं, विशेष रूप से कुंडलिनी योग से संबंधित, प्रत्यक्ष रूप से सत्य का अनुभव करने के लिए और किसी को आध्यात्मिक मार्ग पर क्या करने से बचना चहिये।

सिद्धों के लिए सांप्रदायिक संबद्धता का कोई महत्व नहीं है। वे सभी धर्मों के लोगों के बीच सहज अनुभव करते हैं। उनका सत्य के प्रति दृष्टिकोण पहले इसे समाधि में, समाधि का रहस्यपूर्ण ऐक्य अनुभव करना है और तब धीरे-धीरे इसके प्रति सम्पूर्ण आत्मसमर्पण करना है जब तक यह उनकी आत्मज्ञान की अवस्था में चेतना की स्थिर अवस्था नहीं बन जाती है। उनके दृष्टिकोण में दर्शन की प्रणालियों का गठन करने का या धार्मिक विश्वास प्रणालियों का निर्माण करने का प्रयास शामिल नहीं है। सिद्धों की कविताएँ साझी राय या सामूहिक सोच का कोई भी निशान नहीं दिखाती हैं;

उनका एक "खुला दर्शन" है जिसमें सच्चाई के सभी भाव महत्वपूर्ण थे। उनकी कविताएं और गीत किसी भी सिद्धांत के धर्म का उपदेश नहीं देते हैं वे केवल एक दिशा का सुझाव देते हैं जिसके द्वारा सीधा, सहज ज्ञान युक्त, व्यक्तिगत और गहरा दिव्य सत्य की आकांक्षा का अनुभव प्राप्त हो सकता है।

हालांकि सिद्धों ने लोगों को उनकी पारंपरिक नैतिकता और अहंकारिक भ्रम से झटका देने के लिए रूपांकित की गयी सशक्त स्थानीय भाषा प्रयुक्त की। उन्होंने अपने श्रोताओं तक पहुँचने के लिए संभ्रांतवादी संस्कृत के बजाय लोगों की सामान्य भाषा प्रयुक्त की। उन्होंने अपने श्रोताओं से मिथ्याभिमानी, रिक्त रूढ़िवादी विश्वासों और प्रथाओं के साथ मंदिर में पूजा और अनुष्ठान, वर्ण, और याचिका के समान प्रार्थना के विरूद्ध विद्रोह करने का आग्रह किया। उन्होंने शिक्षा दी कि एक निश्चित अवस्था पर, जब एक बार अहंकार के आत्मसमर्पण की प्रक्रिया पूर्ण रूप से अस्तित्व की बौद्धिक सतह का आलिंगन करती है, धर्मग्रन्थ के बजाय, व्यक्ति का स्वयं का अनुभव उसके सत्य का अंतिम प्रमाण बन जाता है। सिध्द एक मुक्त विचारक और क्रांतिकारी है जो किसी भी हठधर्मिता, शास्त्र या अनुष्ठान द्वारा अपने आप को दूर ले जाने की अनुमति देने से मना करता है। सिद्ध, शब्द के सही अर्थ में परिवर्तनवादी है, क्योंकि वह व्यक्तिगत रूप से बातों की "जड़" तक जा चुका है।

18 तमिल योग सिद्ध (सरस्वती महल संग्रहालय, तंजौर, भारत)

सिद्ध थिरुमूलर, थिरुमन्दिरम् के लेखक (चिदंबरम नटराज मंदिर, भारत में छत चित्रकला)

तमिल योग सिद्ध, क्रिया योग आश्रम, कनडुकथं, तमिलनाडु

प्रश्न: सिद्धांत "नया" क्यों है?

उत्तर: थिरुमूलर, तमिल योग सिद्धों में जो शायद सबसे पुराने हैं, थिरुमंदिरम में कहते हैं, (5वीं शताब्दी), कि वह एक “नया योग” (नव योग) उद्घाटित कर रहे हैं, जो उन सभी तत्वों से युक्त है जिसे बाद में सिद्धों ने "कुंडलिनी योग" के रूप में बताया, और जो भौतिक शरीर सहित मानव की स्थिति में एक पूर्ण परिवर्तन लायगा| आम युग की पहली सदियों के दौरान, सिद्दों ने कुंडलिनी योग का आविष्कार किया, आत्म बोध (समाधि) के एक शक्तिशाली साधन के रूप में| यह चीजों की सच्चाई का पता करने के लिए और अधिक प्रभावी तरीके ढूँढने के लिए उनके प्रयोगात्मक प्रयासों का एक उत्पाद था, भारी, बौद्धिक कर्मकांडों, भक्ति, या तपस्वी रास्तों से परे, मानव स्वभाव को बदलने के लिए| यह आज 'नया' है क्योंकि थिरुमंदिरम और 18 तमिल योग सिद्धों के लेखन हमारे द्वारा अनुवादित करने से पहले, तमिल भाषी दक्षिण भारत और श्रीलंका के बाहर अज्ञात थे, और या तो तमिल विद्वानों और पंडितों ने अनदेखा कर दिया था या जानबूझकर प्रयोग की गई अस्पष्ट “धुंधलका भाषा” के कारण गलत समझा| क्योंकि सिद्धों ने रूढ़िवादी ब्राह्मण पंडितों और पुजारियों की निंदा की, उन्होंने इस समुदाय के सदस्यों का क्रोध अर्जित किया, जिन्होंने उन्हें जादूगर या उससे बदतर रूप में निन्दित किया| फलस्वरूप, उनके लेखन मंदिरों और पांडुलिपि पुस्तकालयों की

तरह संस्थागत खजाने में संरक्षित नहीं थे, लेकिन केवल चिकित्सकों के वंशानुगत परिवारों द्वारा, सिद्ध वैद्यों ने, जिन्होंने उनके लेखन को गुप्त रखा, केवल चिकित्सा प्रयोजनों के लिए उन्हें लागू किया। उनकी शिक्षाओं के व्यापक अज्ञान और रूढ़िवादी समुदाय द्वारा सिद्दों के "जादूगरों" के साथ प्रचारित सम्बन्ध के कारण, हाल ही में अब तक, उन्हें भारतीय समाज के कुछ हलकों में सम्मान की दृष्टि नहीं देखा गया है। मैं बड़ी सुस्पष्टता से वेदांत के एक प्रसिद्ध शिक्षक का व्यंग्यात्मक और भावनात्मक उत्तर याद कर सकता हूँ, एक प्रसिद्ध स्वामी और जो ब्राह्मण समुदाय के सदस्य थे, जिनकी मातृभाषा तमिल थी, जब 1986 में, मैंने उनसे तमिल योग सिद्ध के लेखन के बारे में उनकी राय पूछी। और मुझे उत्तर भारत में कई व्यक्तियों की सामान्य प्रतिक्रिया याद है जब मैंने उल्लेख किया कि हमारे गुरु बाबाजी नागराज थे। अगर उन्होंने एक योगी की आत्मकथा पढ़ी थी, तो वे पूछते थे "क्या वह अभी भी जिंदा हैं?" अगर नहीं, और हम कहें की वह सदियों से जीवित हैं, तो वे कुछ ऐसा कहते: "ओह, उनके कर्म बहुत बुरे होंगे, जिसके कारण इतने लंबे समय के लिए दुख की इस दुनिया में रहने के लिए बाध्य होंगे।" यहाँ तक कि क्रिया योग परंपरा के अन्य वंशों के प्रमुख सदस्य भी सराहना करने में असमर्थ है कि बाबाजी और सिद्धों के संबंध में 'नया' क्या है। श्री युक्तेश्वर ने बाबाजी के संबंध में कहा: "वह मेरी समझ से परे हैं।" अर्थात्, बाबाजी का स्तर वेदांत के प्रतिमान के भीतर समा नहीं सका, जिसमें उन्होंने अध्ययन किया था। योगानन्द और दूसरे उनके बारे में केवल एक "अवतार", स्वयं भगवान का अवतार, "यीशु-समान," विचार कर पाए, हालांकि बाबाजी ने इस तरह के विषय में स्वयं को कभी संदर्भित नहीं किया। अपनी आत्मकथा में, अध्याय के प्रथम पृष्ठ पर जहां वह पाठक का परिचय बाबाजी से करवाते हैं, योगानंद उल्लेख करते हैं कि सिद्ध अगस्त्यर की तरह, वह हजारों सालों से जीवित हैं। योगानंद यह समझने में विफल रहे कि ये दो सिद्ध वास्तव में कितने निकट थे, और कि अगस्त्यर की तरह, बाबाजी एक इंसान थे, भगवान नहीं, जो अवतार बन गए। अवतार बेहद दुर्लभ हैं। वे शैव परंपरा में नहीं पाए जाते हैं, लेकिन केवल वैष्णव परंपरा के बीच, दस उत्तरोत्तर अवतारों के साथ, राम और कृष्ण सहित। ये सभी प्रतिक्रियाएँ दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं जो वक्ताओं के दार्शनिक दृष्टिकोण तक सीमित हैं चाहे यह हो वेदांत, सांख्य, ईसाई, या वैष्णव।



पुस्तक कवर या हमारा प्रकाशन "श्री युक्तेश्वर, बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, योगानंद"

सिद्ध अगस्त्यर

श्री अरविंद आधुनिक समय के कुछ संतों में से एक हैं जो सराहना कर सकते थे कि सिद्ध कौन थे, थिरुमूलर, बाबाजी और रामालिंग सहित।



श्री अरविन्द (1872-1950)

प्रश्न: सिद्धांत आत्मा और शरीर के साथ इसके सम्बन्ध के बारे में क्या बताता है?

उत्तर: किसी तत्वमीमांसा को तीन बातों से भगवान (पति), आत्मा (पशु) और दुनिया (पाशम्) और उनके बीच अंतर-संबंध से व्यवहार करना होता है| शरीर तो दुनिया का हिस्सा है| सिद्धांत, जैसा कि दक्षिण भारत के तमिल साहित्य में सविस्तार सिखाता है कि भगवान शिव ने स्वयं से उद्गम से सब कुछ बनाया है - दुनिया, दुनिया में सभी चीजें और सभी आत्माएँ और प्रत्येक आत्मा अंततः **उसके साथ अद्वैतिक संघ** में विलय करने के लिए नियत है, जैसे कि एक नदी समुद्र में विलीन हो जाती है, या एक लहर निकलती है और समुद्र में लौट आती है|

भगवान शिव ने सृजन किया और निरंतर सृजन कर रहे हैं, सभी का संरक्षण और विलय, उनमें से मनुष्य की आत्मा, सब संसार और उनकी सामग्री निकलती है| वह आदि और अंत हैं, अस्तित्व के रचयिता| वह दोनों हैं सामग्री और कुशल कारण, और इस तरह अभिव्यक्ति का उनका कृत्य एक आग से निकलती चिंगारी या एक पेड़ से उभरते फल के सामान हो सकता है|

जीवात्मा: सार में है, सत् चित् आनंद, अर्थात् अस्तित्व, चेतना और आनंद या शर्तरहित हर्ष| आत्मा का यह सार भगवान के सार से अलग नहीं है| यह एक बात नहीं है, एक वस्तु नहीं है| यह दृष्टा है,

दृश्य नहीं है| यह विषय है| यह एक दीप्तिमान सत्ता है, प्रकाश देह, आनंदमय कोष - और यह बना है, अलग प्रतीत होते हुए विकसित होता है और अंततः भगवान शिव के साथ अविभाजित संघ और एकता में विलीन हो जाता है, इस एकता को पहचान कहा जा सकता है|

लेकिन एकत्व सिद्धांत यह भी सिखाता है कि आत्मा, एक अस्थायी रूप से, परमेश्वर से भिन्न है| इस भिन्नता का कारण आत्मा का व्यक्तित्व है, इसका तत्व नहीं| आत्मा का शरीर, आनंदमयकोष, शुद्ध प्रकाश की रचना है, और यह सीमित है| यह आरम्भ में सर्वशक्तिमान या सर्वव्यापी नहीं है| बल्कि, यह सीमित और व्यक्तिगत है, लेकिन अपूर्ण नहीं है| यही कारण है कि विकास होता है| यही संसार के पीछे पूरा उद्देश्य है, जन्म और मृत्यु के चक्र के पीछे, व्यक्तिगत आत्मा शरीर का परिपक्वता में नेतृत्व करना| निसंदेह, मन के विभिन्न संकाय, अनुभूति, विवेक, जो आत्मा नहीं हैं, लेकिन जो आत्मा को "घेर" कर रखते हैं, और भी ज्यादा सीमित हैं, और जैसा कि ऊपर कहा, भगवान शिव के साथ इनकी समानता, यह कहना कि वे शिव के सामान हैं, मूर्खता होगी| अंत में, कई जन्मों और इस प्रकार सांसारिक अस्तित्व के आगे विकास के बाद यह आत्मा शरीर भगवान शिव में विलीन हो जाता है| इस विलय को विश्वग्रास कहा जाता है| तो स्पष्ट है, आत्मा यह कह भी नहीं सकती, "मैं शिव हूँ," क्योंकि यहाँ कोई “मैं” नहीं है यह दवा करने के लिए| केवल शिव है|

दुनिया और आत्मा हैं, सच में, लेकिन शिव के विभिन्न रूपों में, तो भी वह अपने सृजन का अतिक्रमण करते हैं और इसके द्वारा सीमित नहीं हैं| इसके अलावा, दुनिया और आत्मा, भगवान के बिना नहीं रह सकते, यह तथ्य स्पष्ट करता है कि वे विकासज हैं और अनन्त सत्ता नहीं हैं| जब दुनिया और आत्मा उनके दिव्य रूप में अवशोषित हो जाते हैं महाप्रलय के समय में, एक लौकिक सृजनात्मक चक्र का अंत, कर रहे हैं - सभी तीन मल (आणव, कर्म और माया) उनकी कृपा के माध्यम से निकल जाते हैं, और आत्मा का व्यक्तिगत अस्तित्व ख़त्म हो जाता है, शिव में संघ और पूर्ति के माध्यम से आत्मा अलगाव में रहना खो देती है| महाप्रलय के बाद, अकेले शिव रहते हैं, जब तक उनमें से आगे सृजन के लिए एक और ब्रह्मांडीय चक्र निकले|

प्रश्न: सिद्धों की ईश्वर के बारे में क्या अवधारणा है?

उत्तर: उन्होंने ईश्वर को “शिवम्” के नाम से, किसी भी सीमाओं या गुणों से परे, निर्दिष्ट किया| शिवम् व्याकरण और दार्शनिक दृष्टि से एक अवैयक्तिक संकल्पना है| जैसा कि सिद्ध कहते हैं, शिवम् के लिए आदर्श नाम है ‘यह’, अदू, ‘वहपन’, ‘ऐसापन’, या परापरम; “अच्छाई,” पूर्ण अस्तित्व चेतना और परमानन्द: सत् चित् आनंद| **शिवम् एक निजी भगवान नहीं है| यह एक अभ्यास है, एक प्रवेश-मार्ग है| यह एक मूलभूत चेतना या जागरूकता है| जागरूकता या शिव चेतना की यह प्राप्ति मुक्ति या मोक्ष है|** भले ही थिरुमूलर भगवान के धार्मिक पहलू की बात करते हैं, वह एक सर्वोच्च

सारांशन, एक "महान एकांत" में विश्वास करते थे| इसके लिए उनकी अभिव्यक्ति तानी-उर्रा-केवलम् (मन्दिरम् 2450) है| शिवम् की अवधारणा का एक गहरा अध्ययन यह बतायगा कि भारतीय सोच में दो प्रणालियों का स्थान है, भक्ति की विधि पर आधारित भगवान के लिए एक व्यक्तिगत या भक्ति के रिश्ते के साथ एक आस्तिक मार्ग, और दूसरा तांत्रिक, यानी, पूर्णवादी, जो कुंडलिनी योग और ज्ञान पर आधारित है| भक्ति विधि एक बहुलवादी है जैसा कि शैव सिद्धांत स्कूल में परिलक्षित है; पूर्णवादी विधि एकत्ववादी है जैसा कि **थिरुमंदिरम** में परिलक्षित है|

उनकी कविताओं में उन्होंने शिवम् के पांच लौकिक कार्यों का उनके आनंदपूर्ण नृत्य के रूप में उल्लेख किया है, सब उनकी शक्ति के माध्यम से, आत्माओं के लिए उनके प्रेम के कारण|
1. निर्माण: आत्माओं को ज्ञान में वृद्धि के साधन उपलब्ध कराने के लिए और अंततः विविधता में उनकी एकता का एहसास करने के लिए दुनिया का निर्माण;
2. संरक्षण: अज्ञान, भ्रम और कर्म में उलझ गई आत्माएँ, वे विभिन्न साधनों और रिश्तों द्वारा निरंतर सुरक्षित होती हैं, उनकी उन्नति के लिए;
3. विघटन: जब आत्माएँ इस दुनिया में अवतार से हटाई जाती हैं, वे दुनिया में उनकी पीड़ा से एक अस्थायी विराम प्राप्त करती हैं, इस बीच में वे उनके अगले अवतार के लिए तैयारी करती हैं;
4. ग्रहण: शक्ति जो शिवम् के साथ आत्मा की एकता के बीच पर्दा है, और जो प्रभाव में ज्ञान की तलाश के लिए आत्माओं को बाध्य करती है, सत्य जो मानसिक भ्रम का पर्दा, माया से परे है;
5. अनुग्रह: अज्ञान, भ्रम और कर्म: आत्मा की तीन बेड़ियों या दोषों को हटाना| वास्तव में, शिवम् की दया और प्रेम सभी आत्माओं को सभी पांच लौकिक कर्मों में मिलता है, जिससे प्रत्येक आत्मा की परिपक्वता विकसित करने में मदद होती है, जो मुक्ति की ओर अग्रसर करती है|

विलय और विकास के ब्रह्मांडीय चक्र के माध्यम से यह नृत्य अनंत काल से चला आ रहा है| इसका अंतिम उद्देश्य एक रहस्य बना रहता है जब तक ऐसा न हो कि आत्मा मुक्त हो जाए और गोपनीय स्वयं, शिवम् से पुनर्मिलन हो जाए|

प्रश्न: सिद्धांत का लक्ष्य क्या है?

उत्तर: तमिल सिद्ध या बोध को प्राप्त हुई आत्माओं के अनुसार, जीवन का अंतिम लक्ष्य "पूर्ण समर्पण" है, जिसमें वेट्टीवेळ की प्राप्ति, "विशाल प्रकाशयुक्त अंतरिक्ष," ब्रह्मांडीय चेतना, और तब सभी स्तरों पर हमारी मानव प्रकृति का एक दिव्य शरीर में एक प्रगतिशील परिवर्तन शामिल है|

तमिल सिद्धों ने मुक्ति की प्राप्ति के साथ ही दिव्य अनुग्रह के लिए व्यक्तिगत प्रयास पर भरोसा किया| यह प्रयास, इस आकांक्षा का ऊपर की ओर संकेत करते त्रिकोण के द्वारा प्रतिनिधित्व होता

है; अनुग्रह का प्रतिनिधित्व नीचे संकेत करते त्रिकोण के द्वारा होता है| उनका संयोजन, दोहरा अन्तर्विभाजक त्रिकोण, उनके सबसे महत्वपूर्ण यंत्र का आधार बनाता है, एकाग्रता की एक ज्यामितीय वस्तु, और अस्तित्व के आध्यात्मिक और भौतिक स्तरों का एकीकरण| सिद्ध किसी स्वर्गीय पुनर्जन्म के बजाय इस दुनिया के भीतर स्वतंत्रता और अमरत्व की प्राप्ति के लिए एक साधन के रूप में तांत्रिक योग के मूल्य पर जोर देते हैं| मुक्ति, मोक्ष, या *वीदु* (तमिल में) एक रहस्यपूर्ण स्थिति जिसे थिरुमूलर ने योग-समाधि बताया है|
योग समाधि के अंदर अनंत अंतरिक्ष है;
योग समाधि के अंदर अनंत प्रकाश है;
योग समाधि के अंदर सर्वशक्तिमान ऊर्जा है
योग समाधि है वह जिसके सिद्ध अनुरक्त हैं| (मन्दिरम् 1490)

यह अवतार के चक्र से मुक्ति या मोक्ष नहीं है, बल्कि मलों से मुक्ति या मोक्ष, या मनुष्य की आत्मा के तीन दोषों या बेड़ियों से मुक्ति या मोक्ष जो एक रस्सी में तीन किस्मों की तरह इसे बांधते हैं और इसके सत् चित् आनंद के अन्तर्निहित गुणों को सीमित कर देते हैं:
1. आणव: व्यक्ति की असली पहचान के बारे में अनभिज्ञता, और फलस्वरूप अहंकार;
2 कर्म: पिछले कार्यों, शब्दों और विचारों के परिणाम;
3. माया: भ्रम, इसके प्रतिनिधियों सहित: आंशिक ज्ञान, आंशिक शक्ति, इच्छा, समय और भाग्य|

यह गुणों, प्रकृति के प्रकार या घटकों, से भी स्वतंत्रता है:
1 रजस: गतिशीलता का सिद्धांत, जो उत्तेजक है, अस्थिर, सक्रिय;
2 तमस: जड़ता का सिद्धांत, जो भारी, आलसी, थकाऊ, भ्रामक, संदिग्ध है;
3. सत्व: संतुलन और स्पष्टता का सिद्धांत, जो शांत, रोशन, बुद्धिमान, ज्ञान है|

प्रश्न: आत्मा की बेड़ियों और प्रकृति के साधनों से मुक्ति सिद्धांत के अनुसार कैसे अनुभव क़ी जाती है?

उत्तर: सिद्धों ने दोषों को शुद्ध करने के लिए, व्यक्ति को जंजीरों से मुक्त करने के लिए सीधा कार्य निर्धारित किया है| इसमें कुण्डलिनी योग के सभी अंग इसके शक्तिपूर्ण साँस लेने के व्यायाम पर जोर के साथ, मंत्र और मानसिक ऊर्जावान केन्द्रों के छिद्र, चक्र, साथ ही प्राचीन योग, इसके वैराग्य के विकास पर जोर के साथ, राग और द्वेष को "जाने देना", जिसे अष्टांग योग के रूप में जाना जाता है: व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार पर संयम, आत्म अनुशासन का पालन, आसन का अभ्यास, और प्राणायाम, इंद्रियों का नियंत्रण, एकाग्रता का अभ्यास, ध्यान और समाधि, या संज्ञानात्मक अवशोषण सम्मिलित हैं| कुंडलिनी योग इस मान्यता पर आधारित है कि चेतना ऊर्जा

का अनुसरण करती है और ऊर्जा चेतना का अनुसरण करती है| एक को नियंत्रित करने से, आप दूसरे को नियंत्रित करते हैं| उदाहरण के लिए अगर आपका मन इतना व्यस्त और चिंतित है कि आप ध्यान नहीं कर सकते हैं, आपको पहले मन को शांत और नियंत्रित करने के लिए योग आसन और साँस लेने के व्यायाम का अभ्यास करना चाहिए| *इच्छाओं और भय को जाने देने से, व्यक्ति नाड़ियों और चक्रों (मानसिक ऊर्जावान केंद्र) में ऊर्जा की रुकावटों को हटा देता है|* ध्यान अहंकार के दाग और इसके साथ जुड़ी इच्छाएँ और भय, साथ ही कर्म और भ्रम के दाग कमजोर करता है| लेकिन वे पूरी तरह से उखड़ते हैं केवल बार बार स्रोत की ओर लौटने से, चेतना की अवस्था में जिसे समाधि के रूप में जाना जाता है, जिसमें उससे एकता स्थापित होती है जो नाम और रूपों से परे है| नि:स्वार्थ सेवा, या कर्म योग भी अहंकार पर काबू पाने और पिछले कार्यों, या कर्म के परिणामों को समाप्त करने का एक साधन के रूप में निर्धारित है|

मानव प्रकृति हमेशा तीनों गुणों के खेल के अधीन है, और तामसिक जड़ता और राजसिक वासना लगातार सात्विक व्यक्तित्व को डराते हैं| एक बुद्धिमान व्यक्ति का मन भी इंद्रियों और उनके संबद्ध संस्कार या आदतों से दूर चला जा सकता है| पूर्ण सुरक्षा पाई जा सकती है केवल शांति और समझ के सात्विक गुणों की तुलना से कुछ अधिक में अपने आप को स्थापित करने से: आध्यात्मिक स्व में, जो प्रकृति और उसके तीन प्रकारों से परे है|

तामसिक और राजसिक व्यक्तित्व, जिनकी स्वतंत्रता की विशेषता दुराव है, दूसरों से अकेला और अलगाव, के विपरीत, **आध्यात्मिक आत्म-बोध का व्यक्ति न केवल स्वयं में, बल्कि सभी प्राणियों में दिव्यता पाता है**| उसकी समानता ज्ञान, कर्म और प्रेम और योग के ज्ञान, कर्म, और भक्ति के मार्गों को एकीकृत करती है| आध्यात्मिक आयाम में सभी के साथ अपनी एकता का अनुभव होने के बाद, उसकी समानता सहानुभूति से भरी होती है| वह सभी को खुद के रूप में देखता है और अकेली अपनी मुक्ति के लिए उत्सुक नहीं रहता है| यहाँ तक कि वह स्वयं पर दूसरों की पीड़ा लेता है, और उनकी पीड़ा के अधीन हुए बिना, उनकी मुक्ति के लिए काम करता है| हर किसी के साथ अपने आनंद को बाँटना चाहता है, ऐसी मुक्त आत्माएँ सिद्धों की शिक्षाओं को आत्मसार करती हैं, अर्रुपदै, "दूसरों को राह दिखाना:" व्यक्ति को क्या करना चाहिए और क्या करने से बचना चाहिए| सिध्द या उत्तम ऋषि, हमेशा सभी प्राणियों का अच्छा करने के लिए एक बड़ी समानता के साथ लगा हुआ है और उसे अपना व्यवसाय और आनंद बनाता है (गीता V.25)| उत्तम योगी किसी एकान्त में एक अलग हवाई किले में अपने स्वरूप पर ध्यान लगाने वाला व्यक्ति नहीं है| वह दुनिया की भलाई के लिए संसार में भगवान् का बहुमुखी सार्वभौमिक कार्यकर्ता है| क्योंकि इस तरह का उत्तम योगी एक भक्त है, दिव्यता का प्रेमी है, वह हर किसी में परमात्मा को देखता है| वह एक कर्म योगी भी है क्योंकि उसके कर्म उसे आनंद के साथ एकता से दूर नहीं ले जाते हैं| इस तरह वह देखता है कि सब कुछ उसी एक से प्रवृत्त होता है और उसके सभी कर्म उसी एक की ओर निर्देशित होते हैं|

प्रश्न: मानवीय पीड़ा का कारण क्या है और इसे दूर कैसे करें?

उत्तर: योग सूत्र में, सिद्ध पतंजलि पांच क्लेशों या दुख के कारणों का वर्णन करते हैं:

1. हमारे सत्य स्वरूप, आत्मा, सत् चित् आनंद का अज्ञान, अनस्थिर को स्थायी रूप में देखना, अशुद्ध को शुद्ध रूप में, दर्द को सुखद रूप में, और गैर-आत्म को आत्म रूप में देखना;
2. अहंकार, अज्ञान से उत्पन्न, जो हम नहीं हैं के साथ पहचान की आदत: भौतिक शरीर-मन समूह, इसकी इन्द्रियाँ, भावनाएँ और विचार;
3. आसक्ति है सुखद को पकड़ना
4 द्वेष है पीड़ा को पकड़ना: भय, नापसंदगी;
5. जीवन को पकड़ना, या मृत्यु का भय|

पतंजलि हमें बताते हैं: समाधि के विभिन्न चरणों की ओर बार बार लौटने से दुख के ये कारण, उनके सूक्ष्म रूप में, वापस उनके मूल तक पता चलाकर, उखड़ जाते हैं| उनकी सक्रिय स्थिति में वे ध्यान से नष्ट हो जाते हैं| योग सूत्र II.3-11.

वे हमें बताते हैं कि "क्रिया योग" के अभ्यास का उद्देश्य है पीड़ा के इन कारणों को कमजोर बनाना और समाधि (संज्ञानात्मक अवशोषण, या आत्म-बोध) का विकास| योग सूत्र II.2

सिद्धर पतंजलि (चिदंबरम नटराज मंदिर, भारत में छत चित्रकला)

प्रश्न: एकत्ववाद या अद्वैत और द्वैतवाद और "बहुलवाद" (आस्तिकता) के बीच क्या अंतर है?

उत्तर: अद्वैतवाद और बहुलवाद की परिभाषाएं

वेबस्टर डिक्शनरी के अनुसार वेदांत की परिभाषा है "यह मत कि केवल एक ही परम पदार्थ या सिद्धांत है, वह वास्तविकता जो स्वतंत्र भागों के बिना एक जैविक पूर्ण है|" यह द्वैतवाद: "दुनिया दो अलघुकरणीय तत्वों (पदार्थ और आत्मा), या ... यह मत कि ब्रह्मांड में दो परस्पर विरोधी सिद्धांत, अच्छाई और बुराई हैं," के विपरीत है|

बहुलवाद को इस रूप में परिभाषित किया गया है, "सिद्धांत की वास्तविकता परम प्राणियों, सिद्धांतों या पदार्थों की बहुलता से बनी है|"

प्रश्न: इनमें अन्तर क्यों महत्वपूर्ण है?

उत्तर: ये सूक्ष्म भेद हैं जो दैनिक धार्मिक अनुभव करने के लिए संबंधित प्रतीत नहीं हो सकता है| इस प्रकार, हम इस तरह की बातों को केवल धर्मशास्त्रियों, सदगुरुओं, स्वामियों, योगियों और दार्शनिकों के लिए चिंता का विषय के रूप में छोड़ने के लिए इच्छुक हो सकते है| फिर भी, वे धर्म के बहुत मूल हैं और तुच्छ नहीं माने जा सकते| वे हर किसी को प्रभावित करते हैं क्योंकि वे दुनिया, भगवान और आत्मा (और इसलिए हमारी) की प्रकृति की अलग धारणाएं परिभाषित करते हैं| वे विभिन्न आध्यात्मिक लक्ष्यों को प्रदान करते हैं: या तो उसमें पूरी तरह से और हमेशा के लिए विलय होना (एक स्थिति जिसमें आनंद की भी स्थितियों का अतिक्रमण हो जाए) या सदा भगवान से अलग रहना (हालाँकि यह प्रथक्करण अंतहीन आनंद के रूप में सकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है)| एक राय, एकत्ववाद, पहचान में एकता है जिसमें सन्निहित आत्मा, जीव, वास्तव में है और भगवान (शिव) हो जाता है| दूसरी राय, बहुलवाद, द्वंद्व में एकता, एक में दो, जिसमें आत्मा को परमेश्वर के साथ निकटता प्राप्त है लेकिन हमेशा के लिए एक व्यक्तिगत आत्मा, या एक में तीन क्योंकि तीसरी इकाई, दुनिया, या पाश, कभी भी, यहाँ तक कि आंशिक रूप से भी, भगवान के साथ विलय नहीं होता है|

इसके अलावा, इसके अनुसार कि व्यक्ति इनमें से कौन सा दृष्टिकोण अपनाता है, दुनिया के प्रति दृष्टिकोण बदल जाता है| अद्वैती दुनिया को असत्य, एक भ्रान्ति, फलस्वरूप महत्वहीन, के रूप में देखता है| व्यक्ति दुनिया के मामलों में उलझने से बच जाता है, जिसे एक भ्रान्ति के रूप में बर्खास्त कर दिया है| कोई भगवान नहीं है| कोई आत्मा नहीं है| यह न तो ईश्वरवादी और न ही नास्तिक है| यह एकत्ववाद है: अर्थात् केवल एक ही है| केवल एक वास्तविकता है, जिसे ब्रह्म, एक अवैयक्तिक वह, के रूप में जाना जाता है| लक्ष्य मोक्ष है, भ्रम (माया) से स्वतंत्रता जो उसे जानने से रोकती है जो केवल एक है| माया के भ्रम से जागृति पर व्यक्ति को इस अद्वैत वास्तविकता की सतत

जागरूकता का अनुभव होता है| निर्धारित साधनों में "स्व अनुसन्धान" या "स्व स्मरण" शामिल हैं| विहित अर्थ में इन वाक्यांशों का चिंतन शामिल हो सकता है जैसे "मैं कौन हूँ?" या "मैं वह हूँ," या "मैं ब्रह्म हूँ," या उपनिषदों, वेदों पर वेदांत टीकाओं का अध्ययन| इसमें किसी मठ की व्यवस्था में संन्यास की औपचारिक प्रतिज्ञा ली जा सकती है, जैसे दशमी, 9वीं शताब्दी में अद्वैत के अग्रणी प्रतिपादक, आदि शंकर द्वारा स्थापित स्वामी व्यवस्था|

दूसरी ओर द्वैत स्वीकार करता है कि दुनिया असली है, और आत्मा से अलग है| प्राचीन योग जो द्वैतवादी सांख्य दर्शन पर आधारित है, सिखाता है कि दुनिया में दुख से मुक्त होने के लिए व्यक्ति को बार बार चेतना की उस स्थिति में प्रवेश करने की आवश्यकता है जिसे समाधि, संज्ञानात्मक अवशोषण के रूप में जाना जाता है| इस स्थिति में, व्यक्ति उसके बारे में जागरूक होता है जो जागरूक है| व्यक्ति शरीर और मन की गति के साथ अहंकार की झूठी पहचान का अतिक्रमण कर जाता है| परिणाम के रूप में धीरे - धीरे दुख के कारण समाप्त हो जाते हैं| अद्वैत और वेदांत के बौद्धिक दृष्टिकोण के बजाय, यह सिखाता है कि सत्य को चेतना की समाधि स्थिति में प्रवेश कर के ही जाना जा सकता है, जिसमें मन शांत हो जाता है| इसमें समाधि में प्रवेश की तैयारी करने के लिए एक प्रगतिशील साधना का प्रावधान है| यह प्राचीन योग, तंत्र, वेदांत के कुछ भक्ति स्कूलों का दृष्टिकोण है| प्राचीन योग का लक्ष्य आत्मज्ञान है, और पूर्णता, मानव प्रकृति के परिवर्तन को शामिल करते हुए, तंत्र का लक्ष्य है| यह सांख्य के प्रकृति के सिद्धांतों (तत्वों) की समझ पर आधारित है; शरीर-मन-व्यक्तित्व के साथ पहचान करने के बजाय प्रकृति के घटकों (गुणों) के बीच संतुलित रहने का प्रयास; द्रष्टा, या गवाह के रूप में बने रहने का प्रयास करना| व्यक्ति का अपना अनुभव, न कि शास्त्र, परम प्रमाण है| "जीव शिव हो रहा है" सिद्धांत का एकत्व आस्तिकता का दृष्टिकोण और कश्मीर शैव का सार है| व्यक्तिगत आत्मा, जीव की उसके (शिव) के साथ पहचान परम अंत है, जैसा कि अद्वैतवादी दृष्टिकोण में है|

बहुलतावाद ईश्वरवादी धर्मों में पाया जाता है, जैसे पश्चिम के अद्वैतवादी धर्म (ईसाई धर्म, इस्लाम और यहूदी धर्म) और वेदांत की द्वैतवादी परम्पराएँ (रामानुज आचार्य और माधवाचार्य के द्वारा) और मेकंदर का शैव सिद्धांत का बहुलतावादी यथार्थवादी दर्शन जो दक्षिण भारत में प्रचलित है| "यथार्थवादी" क्योंकि मेकंदर ने सिखाया है कि भगवान, आत्मा और दुनिया सदा अलग हैं| *इन सब में एक निजी भगवान में विश्वास प्रचलित है| दुनिया केवल असली नहीं, बल्कि बुरी है| आत्मा को दुनिया के बाहर और स्वर्ग में एक रास्ता खोजने की आवश्यकता है जहां भगवान पाया जाएगा| विश्वास और भगवान के प्रति समर्पण, शास्त्रों, अनुष्ठान, प्रार्थना, और संस्थागत धर्म, निष्ठा पर जोर के साथ, साधन हैं|* इसके अलावा, पश्चिमी धर्मों में पुनर्जन्म में विश्वास सम्मिलित नहीं है, जो आमतौर पर परलोक-सिद्धांत-विषयक हैं, जिसका अर्थ है वे दैवी साहित्य संबंधी दुनिया के अंत, एक

"प्रलय का दिन" का इंतजार कर रहे हैं जब सच्ची आत्माओं को स्वर्ग में स्थापित किया जाएगा और अन्य आत्माओं को अनंत काल के लिए नरक में दण्डित किया जाएगा|

अद्वैतवाद और बहुलवाद के बीच दार्शनिक मतभेद

अधिक सरलता से कहा जाए तो एकत्ववादी स्कूल मानते हैं कि, स्वयं उससे, भगवान् से उद्गम से, जिसे वे “शिव” या “वह” कहते हैं, ने सबकुछ बनाया है - दुनिया, दुनिया में सभी वस्तुएँ और सभी आत्माएँ - और प्रत्येक आत्मा अंतत: उसके साथ अद्वैतिक एकता में विलय के लिए नियत है जैसे एक नदी समुद्र में मिल जाती है| मेकंदर का बहुलवादी स्कूल कहता है कि भगवान शिव ने दुनिया या आत्माओं का निर्माण नहीं किया बल्कि वे हमेशा से अस्तित्व में हैं, जैसे कि वह है और आत्मा की परम नियति भगवान् शिव के साथ अद्वैत एकता में नहीं है लेकिन अनन्त धन्यता या आनंद में उसके साथ अद्वैतिक सम्बन्ध, पानी में घुले नमक की एकता के सामान| एक दृष्टिकोण में, आरम्भ में शिव से अभिव्यक्ति हुई और अंत में वापस शिव में विलय होता है, और केवल सर्वोच्च परमात्मा, शिव, अनन्त और नहीं बना हुआ है| दूसरे दृष्टिकोण में तीनों - भगवान, आत्मा और दुनिया के बीच अंतर सदा वास्तविक हैं| बहुलतावादी यथार्थवादी तर्क देता है कि क्योंकि भगवान पूर्ण है, वह अपूर्ण आत्माओं और अपूर्ण दुनिया का उनके सभी दुख के साथ निर्माण नहीं कर सकता है| आत्मा का कोई आदि नहीं है, बल्कि केवल स्थिति से शिव के साथ आत्मा का अनन्त सह-अस्तित्व, जो बिलकुल मौलिक समय के लिए वापस चला जाता है, शुद्ध स्थिति में, जो भविष्य में हमेशा के लिए फैला है| एकत्व विचार में, भगवान शिव सब कुछ हैं; यहां तक कि यह भौतिक जगत उनका एक हिस्सा है हालांकि साथ ही वे इसका अतिक्रमण भी करते हैं| बहुलवादी दृष्टिकोण में, भगवान शिव ब्रह्मांड को चलाते हैं और निर्देशित करते हैं, लेकिन यह उनका हिस्सा नहीं है| तो, संक्षेप में, अंतर की जड़ है, ब्रह्मांड में एक अनन्त वास्तविकता है या तीन, आत्मा हमेशा अलग है या शिव के साथ एक| यह वेदांत आस्तिकता और बहुलतावादी यथार्थवाद के बीच का वादविवाद हमारे प्रकाशन थिरुमंदिरम के अंतिम खंड में विस्तार से प्रस्तुत किया है|

प्रश्न: माया क्या है और क्या कारण है कि सिद्धांत को अद्वैत आस्तिकवाद माना जाता है?

उत्तर: सिद्धांत, प्राचीन योग और कश्मीर शैव और तंत्र की तरह इस दृष्टिकोण से शुरू होता है कि व्यक्ति अस्तित्व की सापेक्ष सतह पर क्या अनुभव करता है, इस संसार में, इसकी सभी सीमाओं और पीड़ा के स्रोतों के साथ। यह दुनिया को "असत्य" या भ्रम पैदा करने वाली माया के रूप में नकारता नहीं है। यहाँ तक कि माया का सिद्धांत में वेदांत से एक अलग अर्थ है। सिद्धांत में माया व्यक्तिपरक भ्रम को दर्शाती है। अद्वैत वेदांत में माया वस्तुनिष्ठ भ्रम की शक्ति को दर्शाती है, जिसके द्वारा एक वास्तविकता कई प्रतीत होती है। अद्वैत पूर्ण अस्तित्व की सतह के दृष्टिकोण से

शुरू होता है और समाप्त होता है| केवल ब्रह्म का अस्तित्व है| बाकी सब कुछ केवल प्रत्यक्ष रूप से असली है| सिद्धांत स्वीकार करता है कि कुछ व्यक्तियों के पास अद्वैत के मार्ग का अनुसरण करने के लिए, आवश्यक एकाग्रता की शक्ति, वैराग्य और धार्मिक चरित्र होता है, पूर्णता की सतह से इस परिपेक्ष्य को बनाए रखते हुए, भले ही वे इन शिक्षाओं को सिर्फ बौद्धिक रूप से ही समझते हों| इसलिए सिद्धांत एक प्रगतिशील पथ की सलाह देता है जिसे सन्मार्ग के रूप में जाना जाता है, जो सापेक्ष सतह के परिपेक्ष्य से शुरू होता है और जिसका अंत पूर्ण सतह के रूप में है| इस प्रकार यह "आस्तिकता" से शुरू होता है, दुनिया में सन्निहित आत्मा का दृष्टिकोण, और "एकत्ववाद" में समाप्त होता है, पहचान में एकता का दृष्टिकोण, उसकी निरंतर अनन्य जागरूकता| इसलिए यह "अद्वैत आस्तिकवाद", कश्मीर शैव जैसा है, जो सम्भवतः सिद्धांत के समानांतर विकसित हुआ है| सन्मार्ग के इस पथ में अनन्य जागरूकता की तैयारी के लिए निम्नलिखित चार चरण शामिल हैं:

1. *चर्या* है धार्मिक स्थलों या मंदिरों में सेवा करना, जैसे सफाई, पूजा के लिए फूल एकत्र करना, पवित्र स्थान की सेवा की गतिविधियों में सहायता करना, स्वयं सेवा| यह भृत्य का पथ है, और व्यक्ति प्रभु की निकटता में बसता है|
2. *क्रिया* दूसरा रास्ता है, और यहाँ इसका अर्थ कर्मकांडी पूजा है, और व्यक्ति "ईश्वर की संतान" हो जाता है| भक्त प्रभु के करीब, यहाँ तक कि प्रभु के साथ घनिष्ठ है|
3. *योग* तीसरा दृष्टिकोण है, और यह चिंतन और अन्य साधना के लिए कहता है जैसे कुंडलिनी योग और अष्टांग योग| व्यक्ति भगवान का दोस्त बन जाता है| व्यक्ति भगवान का रूप और प्रतीक चिन्ह पा लेता है, उसके गुणों और शक्तियों को प्रकट करते हुए| पहले तीन रास्तों को प्रारंभिक माना जाता है|
4. *ज्ञान* चौथा रास्ता है, प्रत्यक्ष बोध, जिसका परिणाम प्रभु के साथ पूर्ण मिलन में है| लेकिन वैयक्तिकता खोती नहीं है| शिव और जीव दोनों में सामान अनिवार्य पहलू चेतना, चित् है, पहला सर्वोच्च है, और दूसरा, मनुष्यों में फैला हुआ है| योग सूत्र I.24 में पतंजलि हमें बताते हैं शिव कौन हैं, भगवान, ईश्वर (ईश + स्वर, शिव + स्वयं व्यक्ति का का स्व):

ईश्वर वह विशेष पुरुष है जो क्लेश, कर्म, कर्मों के फल या इच्छाओं के आतंरिक प्रभाव से अछूता है|

अपने होने के गहरे, शुद्धतम स्तर पर, कि आप कौन हैं, और अहसास होना कि अपने आप को शुद्ध करना ही होगा दुःख के कारणों से (अज्ञान, अहंकार, आसक्ति, घृणा, जीवन से लगाव), अहंकारी दृष्टिकोण "मैं कर्ता हूँ," आदतें जिनसे कर्म और इच्छाएँ बनती हैं| शुरू में जो दो प्रतीत होता है, आत्मा और ईश्वर, अनुभूति होने पर केवल एक ही दिखाई देता है| यह यीशु के असत्यवत उपदेश की याद दिलाता है, जिन्होंने कहा: "अपने दुश्मनों को प्यार करो!" अगर आप अपने दुश्मनों को प्यार करते हैं तो आपका कोई दुश्मन नहीं है|

जबकि ये चरण दक्षिण भारत की प्रमुख धार्मिक संस्कृति की नींव में हैं, बहुत कम व्यक्ति ऊपर के पहले या दूसरे चरणों से पार जा पाते हैं| शिववक्कियम्, अन्य सिद्धों की साहित्यिक कृतियों की तरह, पाठक को चेतावनी देते हैं ऊपर पहले दो चरणों के "आधे बने मकान" में अटकें नहीं: मंदिर में पूजा, अनुष्ठान, संगठित धर्म, शास्त्र, और जाति, बल्कि कुंडलिनी योग के अभ्यास के माध्यम से "प्रत्यक्ष बोध" ज्ञान की तलाश करें|

अस्तित्व की सापेक्ष सतह पर यह दृष्टिकोण में द्वैवादी है (आस्तिक, आत्मा और ईश्वर के बीच संबंध के साथ) जहाँ आत्मा को अपनी सही पहचान की अज्ञानता से निपटना होगा, माया (समय, वासनाओं आदि के प्रति मानसिक भ्रम), कर्म और मानव प्रकृति के गुण; यह पूर्ण वास्तविकता की सतह पर एकत्ववादी है|

इस विरोधाभास को निम्न सादृश्य के साथ और अधिक स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है जो परिपेक्ष्य के महत्व को रेखांकित करता है| जब व्यक्ति सत्य, या भगवान या वास्तविकता की तलाश आरम्भ करता है, यह उस व्यक्ति की तरह है जो एक पहाड़ की ओर जा रहा है| एक दूरी से, पहाड़, भगवान की तरह, सत्य, या वास्तविकता की तरह, यह इतना बड़ा हो गया लगता है जैसे अज्ञात है| यह एक विशेष समय और स्थान के परिपेक्ष्य से है| अंत में एक रास्ता मिल जाता है पहाड़ के ऊपर, शायद कई रास्तों में से एक| ये रास्ते विभिन्न धर्मों, दर्शन, साधना, या यहाँ तक कि विज्ञान के सदृश हैं| जैसे जैसे रास्ता चढ़ता जाता है, व्यक्ति अधिक से अधिक परिचित हो जाता है| व्यक्ति का दृष्टिकोण बदलता जाता है जैसे जैसे वह पहाड़ चढ़ता है और समीप पहुँचता है| लेकिन जब व्यक्ति पहाड़ की चोटी पर पहुँच जाता है, उसका दृष्टिकोण पूरी तरह से बदल जाता है| अपने आप और पहाड़ के बीच कोई अंतर नहीं रह गया है| लेकिन न तो दृष्टा बदला है और न दृश्य बदला है| साधक और पहाड़ वैसे ही हैं जैसे हमेशा से हैं| साधक का केवल परिप्रेक्ष्य बदल गया है|

अगर, अद्वैत के अनुसार, केवल ब्रह्म, वह, वास्तविक है, तो स्वयं माया के बारे में क्या? क्या यह भी असत्य नहीं, आदि शंकर, अद्वैत के अग्रणी प्रतिपादक, ने इस आपत्ति को प्रत्याशित जानकर घोषणा की कि माया, जिसको वस्तुनिष्ठ भ्रम समझा जाता है, या शक्ति जिससे एक ही बहुत रूपों में दिखाई देता है, स्वभावत: अनिश्चित है| यह बचाव बिलकुल भी संतोषजनक नहीं है| माया को, जैसा कि सिद्धांत करता है, व्यक्तिपरक भ्रम, और वास्तविकता की सापेक्ष सतह पर असली समझना इसकी शक्ति से मुक्त बनने की प्रक्रिया में कहीं अधिक संतोषजनक और सहायक है|

यही कारण है कि यह महत्वपूर्ण है कि अस्तित्व की सापेक्ष सतह (दुनिया और दिमाग में से एक की वास्तविक स्थिति) का पूर्ण अस्तित्व की सतह के साथ भेद न किया जाए जहाँ प्रत्येक की स्थिति

और परिणामों की अनदेखी करके सब कुछ एक दिखाई देता है| बहुत से लोग जो पालन करते हैं जिसे आलोचकों ने "नव अद्वैत" कहा है, उसके शिक्षक इस तरह के अंतर की उपेक्षा करते हैं और फलस्वरूप अद्वैत स्थिति का ज्ञान मात्र पर्याप्त है ऐसा विश्वास करते हैं और यह महसूस करते हैं कि अनुभूति के लिए कुछ नहीं करना है और व्यक्ति में इसकी जागरूकता बनाए रखने के लिए भी कुछ नहीं करना है| यह इंगित भी करता है कि फिलोसौफी के लिए संस्कृत में कोई शब्द क्यों नहीं है| लेकिन छह मुख्य दार्शनिक दृष्टिकोण वहाँ रहे हैं जिनमें वैशेषिक, न्याय, सांख्य, मीमांसा, वेदांत और योग शामिल हैं जिन्हें दर्शन के रूप में जाना जाता है|

प्रश्न: एनलाइटेन्मेंट क्या है और इस चर्चा से यह कैसे संबंधित है?

उत्तर :"एनलाइटेन्मेंट" (प्रबोधन) जो अंग्रेजी का एक शब्द है, हाल के दशकों तक अद्वैत परंपराओं में से किसी ने उपयोग नहीं किया था, बौद्ध धर्म को छोड़कर जहाँ इसका उपयोग बुद्ध के द्वारा प्राप्त अस्तित्व की स्वतंत्रता की परम अवस्था, जिसे "निर्वाण" कहते हैं, का वर्णन करने के लिए किया गया था। मुझे याद नहीं है कि इसका उपयोग, पारंपरिक अद्वैत साहित्य (वेदांत, शंकर, रमण महर्षि) में कभी देखा हो। मैं इस धारणा के तहत हूँ कि यह हाल ही में पश्चिमी शिक्षकों के कारण प्रचलन में आ गया है, जिनको "नव अद्वैती" कहा जाता है। मैंने इसका प्रयोग न तो प्राचीन योग परंपराओं के साहित्य में देखा है और न ही हिंदू तंत्र में देखा है।

मुझे संदेह है कि इन तथाकथित "नव अद्वैती" गुरुओं के बीच हाल ही में अधिकतर बहस "प्रबोधन क्या है?" और यहां तक कि "प्रबोधन के बाद की अवस्था" का सम्बन्ध अहंकार की अवशिष्ट अभिव्यक्तियों की शुद्धि, अभिमान, क्रोध, भय, आलस, और वासना से है। यह निश्चित रूप से इस कारण हो सकता है कि पश्चिम में न सिर्फ़ हमें अनुभव की कमी है, बल्कि प्रबोधन के विभिन्न स्तरों का वर्णन करने के लिए अंग्रेजी में शब्दावली की कमी है। मेरे अपने गुरु, जो एक योगी और एक तमिल विद्वान थे, पर एक बौद्धिक नहीं थे, जब उनसे इस विषय पर प्रश्न पूछे गए, उन्होंने शिष्यों को सिद्धों के लेखन की ओर निर्दिष्ट किया, (जो उस समय काफी हद तक अनुवादित नहीं थे) अन्यथा, श्री अरविंद के लेखन की ओर।

"एनलाइटेन्मेंट" से सम्बंधित निकटतम शब्द जो मैंने दक्षिण भारत के तमिल साहित्य में देखा है वह वेट्टीवेल है जो चेतना के विशाल चमकदार अंतरिक्ष की ओर इशारा करता है, आनंदपूर्ण समाधि की स्थिति, उत्तमोत्तम जागरूकता, स्वयं अस्तित्व की जगरूपता। यह वह जगह है जहाँ विचार बंद हो जाते हैं, एक के बाद एक, जब तक ऐसा न हो कि व्यक्ति की चेतना का अस्तित्व केवल एक रिक्त विस्तार के रूप में रह जाए| इसका अर्थ आत्मीयता और निश्पक्षता से है| यह समय से बाहर निकलने के पक्ष में है| यह अनन्त वर्तमान है| यह वह जगह है जहाँ व्यक्ति अतीत, वर्तमान और

भविष्य का अतिक्रमण कर देता है| यह वह स्थिति है जो इन्द्रियों से समझने के लिए सुलभ नहीं है; एक स्थिति जिसके कोई विशिष्ट चिह्न नहीं हैं, एक निर्मल आकाश है| वेट्टीवेल समय का अतिक्रमण है, मुक्ति है, सच्ची स्वतंत्रता है| यह "वह सत्य, सूरज अँधेरे में छुपा पड़ा हो"

यह निराकार है, निष्कलंक, स्वयं-दीप्तिमान और सर्वव्यापी,
सदा आनंदित, अभिव्यक्ति से परे है, उन के भीतर की रोशनी जो इसे जानते हैं,
वह एक जो अपनेआपको ब्रह्मा, विष्णु और शिव में विभाजित करता है, पूरे ब्रह्माण्ड को बनाता है,
सम्भालता है और पूरे ब्रह्मांड को नष्ट कर देता है|
प्रकाश के एक स्तंभ की तरह है मुक्ति, यह है,
ईश्वरत्व के चरण रक्षा करें| - एफोरिज्म्स ऑफ विज्डम 28 (बुद्धिमत्ता के वचन 28), १ छंद,
पामबट्टी सिध्द द्वारा, '18 सिद्धों का योग: एक संकलन', पृष्ठ 475-476।

